मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 44 ■ अंक : 123 ■ सोमवार, 28 जुलाई 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..
गोल्डन टेंपल पहुंचे एक्टर अहान शेट्टी

# दो ठग गिरफ्तार



- आरोपी 28 तक पुलिस हिरासत में
- सोना व नकद के एवज में भारी मुनाफे का दिया था लालच
- ब्याज पर पैसे की लेन-देन के मामले भी बढ़े

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक व्यक्ति से निवेश पर ज़्यादा रिटर्न का वादा करके लाखों रुपये ऐंठने के आरोप में दो ठगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और अदालत ने मुख्य आरोपियों में से एक को पुलिस हिरासत में भेज दिया है। गिरीश तोलानी को सोने के व्यापारी हेमंत वलेचा, प्रदीप वलेचा और उनके गुजरात निवासी रिश्तेदार अनिल और सुरेश ने भविष्य में भारी मुनाफे का वादा करके अपने जाल में फँसाया था। उन्होंने तोलानी से निवेश के नाम पर 450 ग्राम सोना, 12 किलो चांदी की सिल्लियाँ और 7 लाख 35 हज़ार रुपये नकद ले लिए। हालाँकि, बाद में उन्होंने न तो कोई पैसा लौटाया और न ही लिया हुआ पैसा वापस किया। ठगे जाने का एहसास होने पर तोलानी सेंट्रल पुलिस स्टेशन पहुँचे और शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के बाद पुलिस ने हेमंत वलेचा और प्रदीप वलेचा दोनों को गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करने पर अदालत ने प्रदीप वलेचा को 28 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। मामले की आगे की जाँच सहायक पुलिस निरीक्षक सुजीत मुंडे कर रहे हैं और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# बारवी डैम ओवरफ्लो के करीब

- आसपास के गांव को सतर्क रहने का इशारा

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** बारवी डैम में 86 प्रतिशत पानी जमा होने के कारण डैम के स्वचालित दरवाजे किसी भी समय खोले जाने से अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण, मुरबाड तहसील के आसपास के गांव को सतर्कता का इशारा एमआईडीसी के कार्यकारी अभियंता दुशांत उईके द्वारा उपरोक्त शहर के तहसीलदारों को पत्र देकर किया गया है. पत्र में कहा गया है कि बारवी डैम का पानी बारवी नदी में विसर्ग किए जाने से नदी के किनारे बसने वाले गांव विशेषतः आस्नोली, चांदप, पिंपलोली, सागांव, पाटिल पाड़ा, चोण, राहटोली व अन्य गांव एवं शहर जो कि नदी किनारे बसते हैं, उनको सतर्कता बरतना है.

बारवी डैम के आसपास गत तीन दिनों से हो रही जोरदार बारिश के कारण डैम का जलस्तर 71 मीटर तक पहुंच गया है, जबकि डैम 72.60 मीटर में ओवरफ्लो होता है. डैम में अभी 276 एमसीएम पानी एकत्रित है. डैम में 340 मिलियन क्युबिक मीटर पानी जमा होकर ओवरफ्लो होता है.

इस डैम से ठाणे जिला के अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण-डोंबिवली, नवी मुंबई महानगरपालिका, मीरा भायंदर और बदलापुर के साथ कई शहरों की एमआईडीसी कंपनियों को जलापूर्ति की जाती है. गत वर्ष सितंबर महिने में बारवी डैम ओवरफ्लो हुआ था. इस वर्ष मई महिने से शुरू बारिश एवं जुलाई महिने में हो रही जोरदार बारिश के कारण ये डैम जल्द भर गया है. ठाणे जिला एवं नवी मुंबई के लिए ये आनंद की खबर है. गत वर्ष इस दिन बारवी डैम में 69 प्रतिशत पानी था और डैम सितंबर में ओवरफ्लो हो गया था.



### नदी के किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी

एमआईडीसी प्रशासन ने बारवी नदी के आसपास के नागरिकों, विशेष रूप से आरनोली, चांदप, चांदपपाडा, पिंपळोली, सागांव, पाटीलपाडा, पादीरपाडा, कारंद, मो-याचापाडा, चोण, रहाटोली,नदी तट पर स्थित अन्य कस्बों और शहर की सरकारी एजेंसियों के साथ-साथ गांव के सरपंचों, तलाठियों, ग्राम सेवकों, पुलिस पाटिलों से नदी में बढ़ते जल स्तर के बारे में चेतावनी नोटिस जारी करने का अनुरोध किया है। साथ ही, इस अवधि के दौरान नागरिकों और पर्यटकों को किसी भी तरह से बहते पानी में प्रवेश न करने देने तथा नदी तल में तैरने पर भी रोक लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। यदि बांध से पानी छोड़ा जाता है, तो बारवी नदी में पानी का प्रवाह बढ़ जाता है, तथा कल्याण तालुका के आप्टी गांव से आगे उल्हास नदी में भी पानी का प्रवाह बढ़ जाता है। इसलिए चेतावनी जारी की गई है।

# नदी के जल स्तर में वृद्धि



**बदलापुर.** बदलापुर में पिछले दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण उल्हास नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। लगातार बारिश के परिणामस्वरूप, बदलापुर में नदियाँ और नाले उफान पर हैं। यदि बारिश की तीव्रता जारी रही तो निचले इलाकों में बाढ़ आ सकती है। पिछले महीने 26 मई को उल्हास नदी चेतावनी स्तर को पार कर गई थी। उसके बाद से एक बार फिर भारी बारिश हुई है, जिससे वातावरण में अत्यधिक कोहरा छा गया है। इस बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है. उल्हास नदी पर पानी देखने के लिए दर्शकों की भीड़ लगी हुई है और कुलगांव बदलापुर नगर परिषद के मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़, अग्निशमन अधिकारी दामोदर वांगड़ और उनकी टीम के साथ-साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन भी पानी के स्तर का अनुमान लगाने के लिए स्थिति पर नजर रख रहा है।

# गड्ढे में गिरने से चिकित्सा अधिकारी घायल

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में लापरवाह प्रबंधन का सीधा असर अब सरकारी अधिकारियों को भी महसूस होने लगा है। उल्हासनगर-अंबरनाथ सरकारी अस्पताल के तत्कालीन चिकित्सा अधीक्षक रात में कल्याण-बदलापुर रोड पर दोपहिया वाहन से यात्रा करते समय सड़क के बीच में एक बड़े गड्ढे से टकराने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गंभीर हालत में उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इस घटना ने एक बार फिर उल्हासनगर की सड़कों की दयनीय स्थिति और मनपा के लापरवाह प्रबंधन को उजागर कर दिया है। मानसून सीजन के कारण पहले से ही कीचड़ भरे पानी से भरी सड़कें और उनमें बने गहरे गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों के लिए मौत को दावत दे रहे हैं। कुछ दिन पहले, एक युवा डॉक्टर की गड्ढे में गिरने से मौत हो गई थी, जबकि उसी राजमार्ग पर एक दम्पति और एक छोटा बच्चा घायल हो गए थे।

# पानी की किल्लत होगी दूर

- जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन के साथ बैठक
- मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले रही मौजूद



**उल्हासनगर.** शहर की जल संसाधन से लेकर सड़कों तक की समस्याओं पर एक साथ निर्णायक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र की पृष्ठभूमि में, उल्हासनगर विधायक कुमार आयलानी ने जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन के साथ एक विशेष बैठक की। गौरतलब है कि इस बैठक में मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में उल्हासनगर के विकास पर नज़र रखते हुए महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंज़ूरी देने की पुरज़ोर माँग की गई। शहर के बुनियादी मुद्दों जैसे जलापूर्ति, सीसी सड़कें और निधि मंज़ूरी पर गहन चर्चा हुई। इस चर्चा में शहर के लिए एक स्वतंत्र जलापूर्ति योजना को तत्काल मंज़ूरी देने की माँग की गई। विधायक आयलानी ने विश्वास व्यक्त किया कि इससे जल संकट का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने मंत्री गिरीश महाजन के समक्ष 140 एमएलडी पानी आरक्षित करने की भी स्पष्ट माँग की।

### सड़कों के लिए धन की माँग

शहर की सड़कों की दयनीय स्थिति, बढ़ती दुर्घटनाओं और नागरिकों की परेशानी को देखते हुए, विधायक आयलानी ने उल्हासनगर की सभी सड़कों के कंक्रीटीकरण (सीसी रोड) के लिए एक अलग निधि स्वीकृत करने की माँग की। उन्होंने सड़क निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि तत्काल उपलब्ध कराने का पुरज़ोर अनुरोध किया।

### विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया

न केवल जल संसाधन और सड़कों, बल्कि अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मंत्री गिरीश महाजन ने शहर में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने, जल रिसाव रोकने के उपाय, बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के लिए पंपिंग स्टेशन, जल माप प्रणाली (वाटर मीटरिंग), शहर में जल स्रोतों के पुनरुद्धार आदि सभी मुद्दों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यक प्रस्तावों को तत्काल मंज़ूरी दी जाएगी और विकास कार्यों में तेज़ी लाई जाएगी।

000

# शहाड स्टेशन के बाहर ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति

- स्टेशन के बाहर प्रमुख सड़कों पर पार्किंग निषिद्ध

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में शहाड रेलवे स्टेशन क्षेत्र संकरी सड़कों और अवैध पार्किंग के कारण बड़े ट्रैफिक जाम का सामना कर रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए परिवहन विभाग ने स्टेशन के बाहर फ्लाईओवर के नीचे सड़क के दोनों ओर तथा कोणार्क रेजीडेंसी की ओर जाने वाली सड़क पर नो पार्किंग लागू करने का निर्णय लिया है। स्टेशन के बगल में शिवाजी रोड पर सम-विषम पार्किंग का प्रयोग किया जाएगा। इसे 30 दिनों के लिए पायलट आधार पर लागू किया जाएगा और फिर निर्देशों के अनुसार स्थायी निर्णय लिया जाएगा। इसलिए आशा है कि यहां गतिरोध टूट जाएगा।





शहाड रेलवे स्टेशन और उसके आसपास का क्षेत्र उल्हासनगर शहर का सबसे व्यस्त क्षेत्र माना जाता है। यहां कल्याण-अहिल्यानगर फ्लाईओवर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक संकरा फ्लाईओवर है। आप इस फ्लाईओवर के नीचे से उल्हासनगर के सी ब्लॉक क्षेत्र तक पहुँच सकते हैं। इस फ्लाईओवर के नीचे रिक्शा स्टैंड, ठेले और पार्किंग की सुविधा है। इस क्षेत्र में गोल मैदान, गजानन बाजार और फर्नीचर बाजार तक पहुंच सकते हैं। इसके अलावा, चूंकि यह पास में ही आवासीय क्षेत्र है, इसलिए यहां हमेशा नागरिकों की भीड़ लगी रहती है।

पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र में लगातार गतिरोध बना हुआ है। इसलिए, इस क्षेत्र में गतिरोध को तोड़ने के लिए विभिन्न निर्णय लिए गए। कुछ दिन पहले यहां फ्लाईओवर के नीचे से अनाधिकृत पार्किंग हटा दी गई थी। कुछ दिन पहले उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त ने एक विशेष बैठक आयोजित कर यातायात समस्या के समाधान के लिए कदम उठाए थे। इसके बाद यातायात विभाग के पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाठ ने शहाड स्टेशन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा की है।

### आपत्ति व सुझाव आमंत्रित

इस संबंध में हाल ही में अधिसूचना जारी की गई है और इसे 30 दिनों के लिए पायलट आधार पर लागू किया जाएगा। यदि इस अधिसूचना के संबंध में आपके पास कोई आपत्ति या सुझाव है, तो कृपया उसे लिखित रूप में पुलिस उपायुक्त, नगर परिवहन शाखा को प्रस्तुत करें।

शहाड़ रेलवे स्टेशन के बाहर महात्मा फुले चौक से शहाड़ रेलवे स्टेशन चौक तक जाने वाली सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में दोपहिया व चार पहिया वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं। इसलिए इस सड़क के दोनों ओर सम-विषम पार्किंग करने का निर्णय लिया गया है। शहाड स्टेशन के बायीं ओर से मनपा बस स्टेशन तक, दायीं ओर से कोणार्क रेजीडेंसी तक, महादेव मंदिर से कोटक महिन्द्रा बैंक एटीएम तक तथा लक्ष्मी मेडिकल से कोणार्क रेजीडेंसी तक वाहनों की पार्किंग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यहां नो पार्किंग क्षेत्र बनाया गया है। इससे सड़क किनारे पार्किंग कम करने और व्यस्त सड़क को मुक्त करने में मदद मिलेगी।

# 15 चोरी कर चुका शातिर चोर गिरफ्तार



- दुकान का शटर तोड़कर चोरी
- उल्हासनगर-3 स्थित टिल्सन मार्केट की घटना
- सेंट्रल पुलिस को मिली कामयाबी

**उल्हासनगर.** सेंट्रल पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत उल्हासनगर-3 स्थित टिलसन मार्केट में 'शगुन वेंचर' नामक दुकान में चोरी की घटना घटी है। 24 जुलाई की रात 10:15 बजे से 25 जुलाई की सुबह 7:30 बजे के बीच एक अज्ञात चोर ने दुकान का शटर तोड़कर 44,000 रुपये का कीमती सामान चुरा लिया। रवि सुंदर पाहुजा की शिकायत पर सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस को मिली गोपनीय जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध आरोपी राहुल प्रकाश टाक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 32,600 रुपये का कीमती सामान बरामद किया है, जिसमें एक लैपटॉप, पेन ड्राइव और कैमरा मेमोरी कार्ड शामिल है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जाँच जारी है। गौरतलब है कि गिरफ्तार राहुल टाक एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले भी चोरी के 15 मामले दर्ज हैं।

# मां ने 3 बेटियों को जहर देकर मार डाला

- महिला गिरफ्तार

**शहापुर.** शहापुर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक 27 वर्षीय महिला पर आरोप है कि उसने अपनी तीन नाबालिग बेटियों को जहर देकर मार डाला। बताया जाता है कि महिला ने घरेलू समस्याओं से परेशान होकर यह कदम उठाया है। इस महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक जहर मिला खाना खाने के बाद लड़कियों को उल्टी होने लगी। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना 20 जुलाई की है। शाहपुर क्षेत्र अंतर्गत असनोली गांव के तालेपाड़ा में रहने वाली गृहिणी संध्या संदीप बेरे ने 'वरन भात' (चावल और दाल) में कीटनाशक मिलाया। इसके बाद उसने इसे अपनी पांच, आठ और 10 साल की बेटियों को खिला दिया। उन्होंने बताया कि जल्द ही लड़कियों की तबीयत खराब होने लगी और उन्हें उल्टी और चक्कर आने लगे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# फ्लैट ओनर के बिना अनुमति बिल्डर ने तोड़ दिया फ्लैट

- ओनर द्वारा पुलिस में लिखित शिकायत
- पुलिस न्याय नहीं दे रही

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** शहर पूर्व में एक इमारत के फ्लैट के मालिक द्वारा डेवलपर्स को अपना फ्लैट अलॉट नहीं किए जाने के बावजूद डेवलपर्स ने उनके फ्लैट का दरवाजा ताला, खिड़की आदि तोड़कर जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास किया है.

ऐसा आरोप फ्लैट मालिक नरेंद्र गोविंद वैद्य ने लगाते हुए डेवलपर्स जीआरएस निर्माण प्रा. लि. के डायरेक्टर के विरुद्ध शिवाजी नगर पुलिस में एक अंबरनाथ के सहायक पुलिस आयुक्त से करने के बाद भी पुलिस ने अब तक डेवलपर्स के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने पर नरेंद्र वैद्य ने ठाणे पुलिस आयुक्त से भेंट करके उन्हें शिकायत करने का निर्णय लिया है. वैद्य का कहना है कि डेवलपर्स एक राजकीय पक्ष का पदाधिकारी होने के कारण पुलिस दबाव में आकर कोई कार्रवाई नहीं करते हुए उनके साथ अन्याय कर रही है. नरेंद्र वैद्य ने पुलिस में भारतीय न्याय संहिता के कलम अनुसार डेवलपर्स के विरुद्ध अपराध दर्ज करने की मांग की है.

शहर पूर्व में यमुना गोपाल लि. सोसायटी का ये मामला है. नरेंद्र वैद्य का कहना है कि सोसायटी के लोगों ने अपने-अपने फ्लैट का पजेशन डेवलपर्स को दिया है, लेकिन उन्होंने डेवलपर्स से एग्रीमेंट रजिस्टर डीए नहीं किया है. शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत ले जाने पर पुलिस उनको सलाह देती है कि डेवलपर्स से समझौता कर लो पुलिस उनको न्याय नहीं दे रही है.

इसलिए उन्होंने निर्णय लिया है कि वह जल्द ही पुलिस आयुक्त से भेंट करके न्याय मलिने के लिए गुहार करेंगे.

# सिंधी सभ्यता कोहिनूर से क़ीमती- जगदीश तेजवानी



**उल्हासनगर.** सिंधी भाषा की फिल्मों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये हमेशा तत्पर रहने वाले उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी ने सिन्धी फिल्म छोरियूं अगियां छोरा पुठियां के प्रीमियर शो हाऊस फुल रहा और दर्शकों को आयोजन काफी पसंद आया।

सिन्धी भाषा, कला, सभ्यता व संस्कृति को बढ़ाने और उत्थान के अहम भूमिका निभाने वाले उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी ने इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए वीटीवी प्रोडक्शन के सर्वेसर्वा दीपक वाटवानी द्वारा निर्देशित सिन्धी फिल्म छोरियूं अगियां छोरा पुठियां के भव्य प्रीमियर शो का आयोजन किया जो बेहद सफ़ल रहा।

श्री तेजवानी ने बताया कि सिंधी सभ्यता हमारे लिए कोहिनूर से भी किंमती है और सिन्धी फिल्में एक ऐसा सरल माध्यम है जिससे ज्यादा से ज्यादा युवा पीढ़ी को विश्व की सबसे प्राचीन सिंधी भाषा, कला, सभ्यता व संस्कृति से अवगत कराता है। सिन्धी फिल्म बनाने और उसमें काम करने वाले कलाकारों की हौसला अफ़ज़ाई भी जरूरी हैं ताकि उनकी प्रतिभा में निखाऱ आये और भविष्य में भी सिन्धी फिल्मों का सिलसिला जारी रहे उसके लिए हमारी कोशिशें जारी हैं। छोरियूं अगिययां छोरा पुठियां यह सिंधी फिल्म वीटीवी प्रोडक्शन की 11वीं फ़िल्म है जिसके प्रीमियर शो का आयोजन उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन (UVA) की तरफ़ से किया गया जो बेहद सफ़ल रहा इसमें मुख्य कलाकार निशिता पर्यानी, भूमिका इसराणी, दिया दूसेजा सहित कई कलाकारों ने उपस्थिति दर्ज की। इस शानदार आयोजन में मुख्य अतिथि वर्षा तेजवानी सहित महेश सुखरमानी, लाल पिंजानी, अपर्णा मैडम, विजय मूलचंदानी, सुन्दर डंगवानी, रेशम बोनेजा,रमेश दयारमानी सहित शहर की कई गणमान्य हस्तियों ने शिरकत की।



# आगामी चुनावों के मद्देनजर काम पर जुट जाएँ

**मुरबाड.** जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव नजदीक आते देख नेता प्रकाश पाटिल ने स्पष्ट आदेश दिया कि शिवसेना (शिंदे गुट) के कार्यकर्ता अभी से संगठन को मजबूत करने के लिए काम करना शुरू कर दें। वह हाल ही में मुरबाड तालुका के सरलगांव कावेरी हॉल में आयोजित शिवसेना, युवा सेना, महिला अघाड़ी और युवती सेना की संयुक्त कार्यकर्ता सभा में बोल रहे थे।

हमने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीते। अब उन्हें जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव भी जीतने हैं। इसके लिए सबसे पहले सदस्य पंजीकरण पर ध्यान दें।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हर गांव और वार्ड में अपने काम के माध्यम से विश्वास कायम करें। प्रकाश पाटिल ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों, श्रमिकों और महिलाओं के लिए कई उपयोगी योजनाएं लागू की हैं। उन योजनाओं को जनता के लिए उपलब्ध कराएं। अपने विरोधियों की आलोचना करने के बजाय अपनी उपलब्धियों के माध्यम से लोगों का विश्वास अर्जित करें। अच्छे लोगों को जोड़ें और संगठन की ताकत बढ़ाएं। पार्टी में नए कार्यकर्ताओं के शामिल होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसका निर्णय पार्टी नेतृत्व पर निर्भर करेगा।

# अंबरनाथ में बिजली की कमी से नागरिक परेशान

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में बिजली गुल होने से नागरिक भी स्तब्ध हैं। पिछले कई महीनों में किसी न किसी प्रकार की खराबी के कारण बिजली कटौती की संख्या में वृद्धि हुई है। नागरिकों को हो रही भारी असुविधा को देखते हुए पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके ने सुचारू विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए तत्काल उपाय करने की मांग की है।

अंबरनाथ शहर कई महीनों से बिजली के बिना है और बार-बार बिजली कटौती हो रही है। कभी डीपी उड़ जाती है, कभी पेड़ों की टहनियां टूटकर लाइनों पर गिर जाती हैं, कभी लाइनें ही टूट जाती हैं, तो कभी पडघा सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है, और भी कई कारणों से बार-बार बिजली गुल हो रही है। इसका असर स्कूलों और कॉलेजों पर पड़ा है।

छात्रों, घर से काम करने वाले नागरिकों, व्यापारियों, उद्यमियों, छोटे दुकानदारों और गृहिणियों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। सुभाष सालुंके का कहना है कि इस तरह की बिजली चोरी पिछले कई महीनों से चल रही है,





लेकिन महावितरण द्वारा इसे रोकने के लिए कोई ठोस और दीर्घकालिक उपाय नहीं किए जा रहे हैं। छोटी-मोटी तकनीकी खराबी से बचने के लिए, पेड़ों की शाखाओं की समय पर छंटाई करें और गिरने की संभावना कम होनी चाहिए। जर्जर विद्युत लाइनों का तुरंत नवीनीकरण किया जाना चाहिए। अंबरनाथ शहर के लिए एक स्वतंत्र और स्थिर बिजली आपूर्ति प्रणाली विकसित की जानी चाहिए।

नागरिकों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए सुचारू विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के लिए एक विशेष टीम गठित की जाए। सुभाष सालुंके ने सुझाव दिया है कि खतरनाक और दुर्घटना-प्रवण एचटी और एलटी बिजली के खंभों को स्थानांतरित किया जाना चाहिए या भूमिगत चैनल बिछाए जाने चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने महावितरण के कल्याण मंडल के मुख्य अभियंता को सौंपे गए एक ज्ञापन के माध्यम से, बिजली कटौती के बाद नागरिकों को समय पर और सटीक जानकारी प्रदान करने के लिए एक अधिसूचना प्रणाली के प्रभावी कार्यान्वयन की भी मांग की है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## सवाल भारत की साख का

भारतीय खिलाड़ियों में जैसी क्षमता दिखती है, उससे उम्मीद है कि देश वैश्विक खेल परिदृश्य में महत्त्वपूर्ण स्थान बना लेगा। मगर इसके बरक्स जिस तरह डोपिंग के मामले बढ़ रहे हैं, वह चिंता का विषय है। गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2036 ओलंपिक की दावेदारी के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के समय अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक परिषद ने डोपिंग में देश के खराब रिकार्ड पर चिंता जताई है।

दरअसल, भारत पिछले महीने विश्व डोपिंग रोधी एजंसी के 2023 के जांच आंकड़ों में उन देशों में शीर्ष पर था, जिन्होंने पांच हजार या उससे ज्यादा नमूनों की जांच कराई थी, जबकि इसमें प्रतिबंधित पदार्थों का फीसद 3.8 दर्ज किया गया। ज्यादातर खेलों में डोपिंग की समस्या है। मगर दौड़ और कुश्ती में यह निराशाजनक है।

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजंसी की निलंबित खिलाड़ियों की सूची बताती है कि अन्य खेलों के मुकाबले कुश्ती में डोपिंग के सबसे अधिक उन्नीस मामले हैं। इनमें अगर पांच खिलाड़ी नाबालिग हैं, तो इससे साफ है कि उन्हें उचित मार्गदर्शन नहीं मिला और उन्होंने गलत कदम उठा लिया।

लिहाजा अब यह सोचना होगा कि ऐसे खिलाड़ी सिर्फ खेल भावना के साथ देश के लिए खेलें और कुछ भी ऐसा न करें, जिससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़े।

कोई भी कामयाबी आत्मविश्वास और अनुशासन से ही मिलती है। हमारे खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और लक्ष्य का संधान कर भारत का गौरव बढ़ाया है। मगर जल्द से जल्द शोहरत-सम्मान पाने की भूख चंद खिलाड़ियों को गलत रास्ते पर ले जा रही है। यह सही है कि किसी भी प्रतियोगिता में खिलाड़ी पदक के दावेदार के तौर पर सामने आते हैं, लेकिन विजेताओं को आर्थिक लाभ के साथ सरकारी नौकरियां मिलने से उनकी मानसिकता पर असर पड़ा है।

दूसरी ओर उन्हें गुमराह करने वाले भी मिल जाते हैं। नतीजा यह है कि जानते-बूझते हुए भी वे गलत राह अपना लेते हैं। ऐसे में कोच का भी दायित्व है कि वे खिलाड़ियों के भीतर जागरूकता पैदा करें।

# बम धमाकों के सभी दोषी बरी, राष्ट्रीय सुरक्षा के भरोसे को झटका

7/11 मुंबई ट्रेन विस्फोटों के लगभग दो दशक बाद बांबे हाई कोर्ट द्वारा सभी 12 दोषियों को बरी करने के फैसले ने देश को झकझोर दिया। इसमें 180 से ज्यादा लोग मारे गए थे और 800 से अधिक घायल हुए थे। न्यायिक स्वतंत्रता और कानून का शासन हमारे लोकतंत्र के आधार स्तंभ हैं, पर इतने बड़े मामले में आपराधिक न्याय प्रणाली का ध्वस्त होना न केवल कानूनी, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर सवाल खड़े करता है।

सितंबर 2015 में आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) के नेतृत्व में नौ साल की लंबी जांच के बाद महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की एक विशेष अदालत ने इन बम विस्फोटों में 13 में से 12 अभियुक्तों को दोषी ठहराया था। पांच को मौत की सजा, सात को आजीवन कारावास और एक को बरी कर दिया गया था। मौत की सजा पाए एक दोषी कोविड के कारण जेल में मर गया था। बांबे हाई कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में 'पूरी तरह विफल' रहा और सभी 12 लोगों को बरी कर दिया। हाई कोर्ट की टिप्पणियां प्रक्रियात्मक कठोरता पर आधारित हैं। विशेष अदालत ने जिन साक्ष्यों के आधार पर दोषसिद्धि के लिए पर्याप्त आधार पाया था, उन्हें ही खारिज करना न केवल पीड़ितों और जांच के लिए अनुचित है, बल्कि खतरनाक भी।

बरी किए गए छोटे-मोटे अपराधी नहीं, बल्कि ज्ञात आतंकी संगठनों से जुड़े लोग थे। यह मानना कि वे शांतिपूर्वक समाज में शामिल हो जाएंगे, भोलापन है। आशंका है



कि रिहाई उन्हें आतंकी नेटवर्क के साथ फिर से जुड़ने तथा और आतंकी हमलों की साजिश बुनने में सक्षम बना सकती है। हाई कोर्ट का फैसला आपराधिक न्याय प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करता है। जब बड़े आतंकी मामलों में न्याय से इन्कार होता दिखता है तो लोग उचित प्रक्रिया में विश्वास खोने लगते हैं। इसके चलते मीडिया ट्रायल और न्यायेतर कार्रवाई की मांग होती है। हैदराबाद में दुष्कर्मियों के मुठभेड़ मामले में ऐसा देखा गया। ऐसे फैसले आतंकवाद के प्रति सख्त राष्ट्र के रूप में भारत की वैश्विक छवि को भी कमजोर करते हैं। बालाकोट हमले, आपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों और 'किसी भी आतंकी कृत्य को युद्ध माना जाएगा' जैसी घोषणाओं ने ताकत का प्रदर्शन किया, पर 7/11 के मामलों में आतंकियों के बरी होने से यह धारणा बनती है कि भारत आतंकवाद के मामले में एक 'नरम राज्य' है। एटीएस और एनआइए जैसी एजेंसियों के लिए यह नतीजा बेहद निराशाजनक है। वर्षों की उच्च जोखिम वाली जांच और मेहनत की अनदेखी की जा रही है। यह उचित प्रक्रिया या निष्पक्ष सुनवाई को छोड़ने का तर्क नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय आघात और सुरक्षा खतरों से जुड़े मामलों में न्यायिक संवेदनशीलता का आह्वान है। विशुद्ध रूप से प्रक्रियात्मक दृष्टिकोण से जनता के विश्वास, मनोबल और सुरक्षा को कमजोर करने का जोखिम भी है।

बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने वाले आतंकवाद को बिना सजा के नहीं छोड़ा जा सकता है। न ही संदिग्धों को आतंकी नेटवर्क में फिर से शामिल होने के लिए रिहा किया जा सकता है। आतंकियों का बरी होना जांच, अभियोजन और न्याय प्रणाली में सुधार के लिए एक चेतावनी है। भारत की औपनिवेशिक युग की आपराधिक न्याय प्रणाली आतंकवाद का सामना करने में सक्षम नहीं। आतंकी उन्नत उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं और बहुत कम सुबूत छोड़ते हैं, फिर भी यह व्यवस्था प्रत्यक्षदर्शियों जैसे पारंपरिक प्रमाणों की मांग करती है। नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा करना महत्वपूर्ण है, लेकिन पुराने मानदंडों का आंख मूंदकर पालन करने से उच्च जोखिम वाले राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में न्याय से समझौता नहीं होना चाहिए।

यह मामला न्यायपालिका को गंभीर आत्मचिंतन के लिए बाध्य करता है। दो अदालतें इतने अलग-अलग नतीजों पर कैसे पहुंच सकती हैं? एक मौत की सजा सुनाती है, दूसरी पूरी तरह से बरी कर देती है? उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और अब वरिष्ठ अधिवक्ता एस. मुरलीधर का दो आरोपियों का प्रतिनिधित्व करने में शामिल होना जटिलता को बढ़ाता है। जहां निष्पक्ष कानूनी प्रतिनिधित्व एक मौलिक अधिकार है, वहीं एक पूर्व शीर्ष न्यायाधीश की भागीदारी नैतिक और संस्थागत चिंताओं को जन्म देती है।




हमारे अंदर एक ऐसा शक्तिशाली स्थल मौजूद है जो जीवन की ऊर्जा का स्रोत है। ध्यानाभ्यास के द्वारा हम इस शक्तिशाली स्थल में जा सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अब ब्रिटेन में बिना शुल्क बिकेगा देश का सामान

भारत और ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को मौजूदा दौर में दुनिया भर में जारी बहुस्तरीय तनाव और दबाव की राजनीति के बीच एक बेहतर कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप ने इस बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद से शुल्क के मोर्चे पर किस तरह का द्वंद्व खड़ा कर दिया है।

हालांकि भारत ने अब तक अमेरिका की ओर से पैदा किए गए किसी दबाव के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया है और उसने नए विकल्पों को खड़ा करने और पुराने को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष के साथ गुरुवार को एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार में लगभग चौंतीस अरब डालर की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। दूसरी ओर, यूरोपीय संघ छोड़ने के बाद ब्रिटेन का यह किसी देश के साथ सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण व्यापार समझौता है। इस समझौते से निन्यानबे फीसद भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश कारों, विस्की और कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी।

गौरतलब है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते को इस




निष्कर्ष तक पहुंचने में करीब तीन वर्ष लगे। दरअसल, फिलहाल दुनिया जिस तरह शुल्क के मसले पर व्यापार युद्ध के कगार पर है, उसमें समझौते के हर बिंदु पर कानूनी जांच और आटोमोबाइल उद्योग के संदर्भ में शुल्क छूट से जुड़े मसलों पर विचार करना लाजिमी था।

अगर यह द्विपक्षीय समझौता जमीन पर उतरता है, तो भारत के वस्त्र, जूते, समुद्री खाद्य पदार्थ, इंजीनियरिंग सामान, रत्न और आभूषणों का निर्यात ब्रिटेन के बाजार में और बेहतर पहुंच बना सकेगा। साथ ही भारत के कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के लिए भी नई राह खुलने के मौके बनेंगे और इस तरह देश के युवा वर्ग और किसानों के लिए नई संभावनाओं का दरवाजा खुल सकता है। वहीं, ब्रिटेन के चिकित्सा उपकरणों और कल-पुर्जे जैसे उत्पाद अब भारत में अपेक्षया कम कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगे। हालांकि बौद्धिक संपदा अधिकार से जुड़े मसले पर आशंकाएं जताई जाती रही हैं, इसलिए भारत को आगे भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि स्वास्थ्य का अधिकार, सस्ती दवाओं की उपलब्धता और न्यायपूर्ण पेटेंट प्रणाली प्राथमिक चिंता की बात होनी चाहिए। भारत और ब्रिटेन के बीच यह द्विपक्षीय समझौता ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी शर्तों पर अन्य कई देशों को आर्थिक मसलों पर प्रभावित और संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की सुविधा के मुताबिक फैसले नहीं लेने पर बेलगाम शुल्क और इससे आगे पाबंदी लगाने तक की बात के बीच किस तरह का व्यापार समझौता सामने आएगा, यह समझा जा सकता है।

दो देशों के बीच होने वाली बातचीत जब तक द्विपक्षीय और समान हित सुनिश्चित करने की नीति पर आधारित नहीं होगी, तब तक उसका हासिल भी कुछ ठोस नहीं निकलेगा। भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ ताजा करार इस बात का उदाहरण है कि दो देशों के बीच एक समझौते को कैसे एक बेहतर स्वरूप दिया जा सकता है। यों विकसित देशों की ओर से जिस तरह अपने फायदे में शर्त आधारित संबंधों को कूटनीति का फार्मूला बनाया जाता रहा है, उसमें भारत को भी अपने हित के प्रति सजग और सतर्क रहने की जरूरत है।

# दुर्घटना के बाद महिला को हुए नर्क के अनुभव

योगा प्रेमानंदा नाम की एक महिला ने कार दुर्घटना के बाद नर्क का ऐसा नजारा देखा जिसने बाद उनकी जिंदगी को बदल दिया, बल्कि

**जरा हट के**

उसे एक नया मकसद भी दिया. हुआ मौत से सामना योगा ने बताया कि एक दिन जब वे अपने दोस्त से मिलने जा रही थीं, उस समय उन्हें कार की गति का ख्याल नहीं रहा. एक सुनसान सड़क पर, अचानक उन्हें भय का अहसास हुआ, सांस लेने में तकलीफ होने लगी और कार सड़क से उतर गई. योगा ने बताया, 'मैं हांफने लगी थी. मैं मर रही थी, मैंने देखा कि मेरी टांगें स्टीयरिंग व्हील के नीचे कुचल गई थीं.' इसके बाद जो हुआ, वह किसी चमत्कार से कम नहीं था.

### नर्क का नज़ारा

फिर इसके बाद योगा ने नर्क का नजारा देखा. वहां एक घूमता हुआ आग का गोला था, जिससे आत्माएं लटकी हुई थीं



और मदद के लिए चीख रही थीं. आसपास छाया जैसे आकृतियां थीं, जो उसे देखकर हैरान थीं. कमरे की दीवारें छायाओं से बनी थीं.

योगा का सामना अर्चेंजल राफेल से हुआ, जो कई धर्मों में उपचार के लिए मशहूर हैं. योगा ने बताया, 'अचानक, मैं एक पल में स्वर्ग के इंतजार कक्ष में पहुंच गई. वहां मुझे बहुत सामान्य और आरामदायक महसूस हुआ.' राफेल एक मेज पर बैठे थे, आत्माओं के कागजात पर मुहर लगा रहे थे और यह तय कर रहे थे कि किसे कहां जाना है. योगा ने बताया कि वहां कोई बोल नहीं हो रहा था, फिर भी एक दूसरे को समझ रहा था.

जब उनकी बारी आई, राफेल ने उनके कागज पर मुहर लगाई और उनकी जान बचाने का फैसला किया. योगा ने कहा, 'जब मैं अपने शरीर में वापस आई, मेरी कार बिना किसी खरोंच के चमत्कारिक रूप से सड़क पर थी. यह किसी फिल्म के नज़ारे जैसा था.' इस अनुभव के बाद, उन्होंने ने अपनी कार वापस घर की ओर मोड़ ली.

खाना-खजाना

# अचारी खिचड़ी

अचारी खिचड़ी खाने में बेहद स्वादिष्ट लगती है। इसे बनाना भी बेहद आसान है। इसकी खासियत ये है कि बच्चे भी इसे बड़े चाव से खाते हैं।

**सामग्री :**

- बासमती चावल एक कप
- मूंग दाल आधा कप
- सरसों का तेल दो टेबलस्पून
- हींग एक चुटकी
- जीरा एक टीस्पून
- सौंफ एक टीस्पून
- कलौंजी आधा टीस्पून
- मेथी दाना आधा टीस्पून
- राई आधा टीस्पून
- साबुत लाल मिर्च स्वादानुसार
- हल्दी पाउडर आधा टीस्पून
- लाल मिर्च पाउडर आधा टीस्पून
- नमक स्वादानुसार
- हरी मिर्च

**विधि :**

सबसे पहले चावल और मूंग दाल को अच्छे से धोकर 15 से 20 मिनट के लिए भिगो दें। अब कुकर में सरसों का तेल गर्म करें। अब इसमें हींग, जीरा, राई, मेथी दाना, कलौंजी, सौंफ और साबुत लाल मिर्च डालें। इसके बाद अदरक और हरी मिर्च डालें और कुछ सेकंड तक भून लें। फिर हल्दी और लाल मिर्च पाउडर डालें और चला लें। अब भीगे हुए चावल और दाल को डालकर एक से दो मिनट के लिए भूनें। स्वादानुसार नमक डालें और पानी मिलाएं। कुकर का ढक्कन लगाएं और 2 सीटी आने तक पका लें। प्रेशर निकलने पर ढक्कन खोलें और खिचड़ी को हरे धनिये से सजाएं। गरमा-गरम अचारी खिचड़ी को आप अचार, पापड़ या दही के साथ परोस सकती हैं। इस पर आप चाहें तो घी भी डाल सकती हैं।



# घुंघराले बालों को हमेशा रखना है हेल्दी, कर्ली और शाइनी

**...तो ट्राई करें ये DIY हेयर मास्क**

घुंघराले बाल खूबसूरत तो लगते हैं, लेकिन उनकी देखभाल करना आसान नहीं होता। कर्ली बाल जल्दी ड्राई हो जाते हैं, फ्रिज़ी दिखने लगते हैं और फिर इनके उलझने की समस्या भी बनी रहती है। ऐसे में इन्हें खास हाइड्रेशन और न्यूट्रीशन की जरूरत होती है।

इसलिए महंगे केमिकल युक्त प्रॉडक्ट्स की बजाय आप घर पर ही नेचुरल DIY हेयर मास्क बनाकर अपने बालों को हेल्दी, मॉइश्चराइज्ड और शाइनी बना सकती हैं। ये हेयर मास्क आपके कर्ल्स को डीप कंडीशनिंग देंगे और बालों को नैचुरल बाउंस और शाइनी बनाएंगे। तो आइए जानते हैं ऐसे में कुछ DIY मास्क के बारे में–

### ■ केला और दही हेयर मास्क

जहां केला बालों को मॉइश्चराइज करता है और फ्रिज को कम करता है, वहीं दही स्कैल्प को हेल्दी रखता है और ड्रायनेस को दूर करता है।

**बनाने का तरीका–** इसे बनाने के लिए एक पका हुआ केला मैश करें, उसमें 2 टेबलस्पून दही और 1 टेबलस्पून शहद मिलाएं। इसे बालों पर 30 मिनट लगाकर वॉश करें।

### ■ नारियल दूध और एलोवेरा मास्क

नारियल का दूध बालों को डीप नरिशमेंट देता है और एलोवेरा स्कैल्प को अपने कूलिंग इफेक्ट देता है और सॉफ्ट बनाता है।

**बनाने का तरीका–** ¼ कप नारियल दूध में 2 टेबलस्पून एलोवेरा जेल मिलाएं। इसे बालों में लगाकर 40 मिनट बाद नॉर्मल पानी और माइल्ड शैम्पू से वॉश करें।

### ■ शहद और ऑलिव ऑयल मास्क

शहद बालों को नैचुरल शाइन देता है, और जैतून का तेल ड्राय और डैमेज बालों को रिपेयर करता है।

**बनाने का तरीका–** 2 टेबलस्पून जैतून का तेल और 1 टेबलस्पून शहद मिलाकर बालों पर 30 मिनट लगाएं, फिर वॉश करें।

### ■ मेथी और दही हेयर मास्क

मेथी बालों की ग्रोथ बढ़ाती है और कर्ल्स को डिफाइन करती है और दही स्कैल्प को हेल्दी रखता है।



**बनाने का तरीका–** 2 टेबलस्पून मेथी को रातभर भिंगोकर पेस्ट बनाएं और उसमें 3 टेबलस्पून दही मिलाएं। इसे 45 मिनट तक लगाएं, फिर वॉश करें।

### ■ एवोकाडो और नारियल तेल मास्क

एवोकाडो विटामिन ई से भरपूर होता है, जो बालों को स्ट्रॉन्ग और शाइनी बनाता है और नारियल तेल डीप कंडीशनिंग करता है।

**बनाने का तरीका–** ½ एवोकाडो मैश करें, उसमें 1 टेबलस्पून नारियल तेल मिलाएं और 30 मिनट तक लगाएं।

### ■ अंडा और अरंडी तेल हेयर मास्क

अंडा प्रोटीन देता है, जिससे बाल मजबूत होते हैं और अरंडी तेल हेयर ग्रोथ को प्रमोट करता है।

**बनाने का तरीका–** 1 अंडा फेंटें और उसमें 1 टेबलस्पून – अरंडी तेल मिलाएं। इसे 30 मिनट तक लगाएं और माइल्ड शैंपू से वॉश करें।

## आज का राशिफल

**मेष** : आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ** : नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** : अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा। दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें।

**कर्क** : आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा। लाभ होगा।

**सिंह** : व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा।

**कन्या** : व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**तुला** : फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक** : व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।

**धनु** : सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा। सफलता के साधन जुटेंगे। जोखिम न उठाएं। नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है।

**मकर** : किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ** : अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा।

**मीन** : परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सरसों के तेल में मिलाएं कलौंजी व कड़ी पत्ता

### ■ सफेद बालों से मिलेगा छुटकारा !

### ■ हेयरफॉल भी होगा कम

सरसों का तेल सदियों से भारतीय रसोई में खानपान और आयुर्वेदिक चिकित्सा में बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है. इसमें विटामिन E, ओमेगा-3 फैटी एसिड, सेलेनियम और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो बालों की जड़ों को पोषण देते हैं, स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाते हैं और बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकते हैं. सरसों का तेल बालों को मजबूती देने और हेयरफॉल को कम करने में भी बेहद कारगर होता है. अगर इसमें कुछ अन्य चीजें मिला ली जाएं, तो यह और भी ज्यादा असरदार हो सकता है.

सरसों के तेल में कलौंजी और करी पत्ता मिलाकर इस्तेमाल करना एक बेहतरीन घरेलू उपाय है. कलौंजी में थाइमोक्विनोन नामक एंटीऑक्सीडेंट तत्व होता है, जो बालों के हेयर फॉलिकल्स को एक्टिव करता है और सफेद बालों



को काला करने में सहायक होता है. करी पत्ते में मौजूद बीटा-कैरोटीन, आयरन, विटामिन C और B विटामिन बालों की ग्रोथ बढ़ाते हैं और पिग्मेंटेशन को बनाए रखते हैं, जिससे सफेद बाल धीरे-धीरे काले होने लगते हैं.

### ऐसे तैयार करें सफेद बालों के लिए ऑयल

सबसे पहले 100 ml सरसों का तेल, 1 चम्मच कलौंजी, 20-25 करी पत्ते और 1 चम्मच मेथी दाना लें. एक लोहे की कढ़ाही में सरसों का तेल धीमी आंच पर गर्म करें. उसमें कलौंजी, करी पत्ते और मेथी दाना डालें. जब करी पत्ते कुरकुरे हो जाएं और कलौंजी हल्की फूल जाए, तब गैस बंद कर दें. तेल को ठंडा होने दें, फिर छानकर कांच की शीशी में भर लें. इस तेल से सप्ताह में 2–3 बार रात में सोने से पहले बालों की जड़ों में हल्के हाथ से मालिश करें. चाहें तो इसे हल्का गुनगुना करके लगाएं, ताकि स्कैल्प में अच्छे से अब्जॉर्ब हो सके. मालिश के बाद बालों को कपड़े से ढंक लें और अगली सुबह हर्बल शैम्पू से धो लें. लगातार 4–6 हफ्ते तक नियमित उपयोग से असर दिखने लगता है.

कलौंजी बालों की जड़ों को सक्रिय करती है और डैंड्रफ को भी कम करती है. करी पत्ते मेलानिन को बढ़ाते हैं जिससे बालों का प्राकृतिक रंग वापस आता है. मेथी प्रोटीन और निकोटिनिक एसिड से भरपूर होती है, जो हेयरफॉल रोकने में कारगर है. सरसों का तेल बालों को गहराई से पोषण देकर उन्हें घना, काला और मजबूत बनाता है. यह नुस्खा बालों का दोबारा काला करने में बेहद असरदार है, लेकिन अगर आप इस नुस्खे का उपयोग पहली बार कर रहे हैं, तो पहले पैच टेस्ट करें, ताकि किसी एलर्जी की आशंका न रहे. इस उपाय को नेचुरल डाई की तरह न समझें, क्योंकि यह धीरे-धीरे असर दिखाता है. इस नुस्खे के अलावा बालों को काला करने के लिए हेल्दी डाइट, पर्याप्त नींद और तनावमुक्त लाइफस्टाइल अपनाएं.

# काली दाल शरीर में भर देगी ताकत, प्रोटीन का खजाना

डॉक्टर अक्सर कहते हैं कि हेल्दी रहने, शरीर की मांसपेशियों मजबूत बनाए रखने, आंखों की हेल्थ को बूस्ट करने के लिए प्रोटीन से भरपूर डाइट का सेवन करना बहुत जरूरी है. आपके किचन में प्रोटीन से भरपूर एक ऐसी ही हेल्दी चीज मौजूद तो है, लेकिन उसका सेवन लोग कभी-कभार ही करते हैं. हम बात कर रहे हैं काली उड़द दाल की. जी हां, दाल कोई सी भी हो, प्रोटीन का ये खजाना होती हैं.

### काली उड़द दाल खाने के फायदे

-किचन में अन्य दालों की ही तरह काली उड़द दाल का भी खासा स्थान है. काली उड़द दाल स्वाद के साथ ही पौष्टिक गुणों से भी भरपूर होती है. काले छिलके वाली यह दाल प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, विटामिन बी-6, आयरन, कार्बोहाइड्रेट, फॉलिक एसिड, पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों का खजाना है.

–भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अनुसार, काली उड़द की दाल स्वास्थ्य, बेहतर पाचन और दैनिक ऊर्जा के लिए एक शक्तिशाली आहार है. काली उड़द दाल के सेवन से कई फायदे शरीर को होते हैं. इसमें मैग्नीशियम और पोटैशियम हार्ट को हेल्दी रखते हैं.



ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करते हैं. यह नर्वस सिस्टम को मजबूत कर तनाव और चिंता को कम करने में भी मदद करती है.

-फाइबर से भरपूर यह दाल पाचन तंत्र को दुरुस्त रखती है. कब्ज की समस्या से राहत दिलाती है. यह चयापचय को बढ़ाकर ऊर्जा स्तर को बनाए रखती है.

-आयुर्वेद में काली उड़द की दाल को कई फायदे देने वाली दाल के रूप में जाना जाता है. इसकी ठंडी तासीर के कारण यह सिरदर्द, नकसीर, जोड़ों के दर्द, लिवर की सूजन, अल्सर, बुखार जैसी समस्याओं में लाभकारी है.

-ये दाल सूजन को कम करती है. रिप्रोडक्टिव हेल्थ को बेहतर बनाती है. शरीर से अतिरिक्त पानी और विषाक्त पदार्थों को निकालती है, इससे किडनी बेहतर तरीके से काम करती है.

-कैल्शियम और प्रोटीन से युक्त काली उड़द की दाल हड्डियों और मांसपेशियों को भी मजबूत करती है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# मनसा देवी मंदिर में भगदड़, 6 की मौत

- मंदिर से 25 सीढ़ी पहले हादसा, 29 घायल
- चश्मदीद बोला- तार में करंट उतरा
- पुलिस बोली- ये अफवाह



मनसा देवी मंदिर में भगदड़

**हरिद्वार.** हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह 9:15 बजे भगदड़ मच गई। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 लोग घायल हैं। यह मंदिर पहाड़ के ऊपर बना हुआ है और यहां पहुंचने के लिए करीब 800 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं।

एक चश्मदीद संतोष कुमार ने बताया कि मंदिर पहुंचने के लिए करीब 25 सीढ़ियां बची थीं, तभी हादसा हुआ। रविवार को भीड़ बहुत ज्यादा थी। इस बीच कुछ लोग वहां लगे तार को पकड़कर आगे बढ़े। इस दौरान कुछ तार छिल गए और उनमें करंट आ गया। इससे अफरा-तफरी मच गई और सीढ़ियों पर गिरने से लोग मारे गए।

इधर, हरिद्वार पुलिस ने मंदिर में करंट फैलने की बात को अफवाह बताया। गढ़वाल डिवीजन के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने कहा कि मंदिर में भारी भीड़ जुटने की वजह से हादसा हुआ। हरिद्वार SSP प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा- मनसा देवी मंदिर में भगदड़ में 35 लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी। इन्हें अस्पताल लाया गया, लेकिन 6 लोगों की मौत हो गई। बाकी का इलाज चल रहा है।

### शिवालिक पहाड़ियों के ऊपर बना है मनसा देवी मंदिर

मनसा देवी मंदिर हरिद्वार में शिवालिक पहाड़ियों पर बिल्व पर्वत पर स्थित है। यह हर की पौड़ी से लगभग 3 किमी दूर स्थित है और यहां 1.5 किमी की चढ़ाई वाले रास्ते से या रोपवे के माध्यम से पहुंचा जा सकता है।

## खबरें गांव की...

### टहलने निकले खादी ग्रामोद्योग अधिकारी का पेड़ से लटका मिला शव, 31 जुलाई को हो रहे थे रिटायर

**बदायूं.** यूपी के बदायूं में उस समय हड़कंप मच गया जब जिला खादी ग्राम उद्योग अधिकारी का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। शव मिलने की खबर से पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। 31 जुलाई को जिला खादी ग्राम उद्योग अधिकारी सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही उनका शव मिलने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मामला सिविल लाइंस कोतवाली के चित्रांश नगर के पास स्थित चांदमारी का है। राजेंद्र कुमार सागर 60 वर्ष पुत्र सोनेलाल रविवार को सुबह रोजाना की तरह टहलने निकले थे, लेकिन उनका शव पेड़ से फंदे पर लटका हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने परिवार वालों को सूचना दी।

### ट्रिपल मर्डर, बेटे ने मां-बाप और बहन को मौत के घाट उतारा, जमीन विवाद में रिश्तों का खून

**गाजीपुर.** यूपी के गाजीपुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक युवक जमीनी विवाद के चलते मां-बाप और बहन की बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक मां-बाप द्वारा बहन को जमीन दिए जाने को लेकर वह नाराज चल रहा था। ये घटना कोतवाली क्षेत्र के डीलिया गांव का है। जहां रविवार को एक युवक ने अपने मां-बाप और बहन को मौत के घाट उतार दिया। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शिवराम यादव उनकी पत्नी और बेटी की हत्या की सूचना मिली थी। ये हत्या उनके बेटे अभय यादव द्वारा की गई है। इनके बीच प्रॉपर्टी और पारिवारिक विवाद का पता चला है। जानकारी के मुताबिक मां-बाप ने अपनी कुछ संपत्ति बेटी के नाम कर दिया था। इस बात से अभय अक्सर नाराज रहता था। इसी को लेकर रविवार को ये घटना हुई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं, आरोपी की तलाश के लिए तीन टीमों को गठन किया गया है।

### बांध पर पिकनिक मना रहे युवक सेल्फी के चक्कर में पानी में बहा, 14 घंटे बाद मिली लाश

**झांसी.** यूपी के झांसी के बबीना थाना क्षेत्र में तीन दोस्तों के साथ सुकुवां-ढुकुवां बांध पर पिकनिक मनाने आया 28 वर्षीय युवक सेल्फी लेते वक्त पानी के तेज बहाव में बह गया। करीब 14 घंटे चले तगड़े रेस्क्यू के बाद रविवार सुबह उसका शव पेड़ में फंसा मिला। पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरामशीन इलाके के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी धर्मेंद्र अहिरवार (उम्र 28 वर्ष) टाइल्स का काम करता था। शनिवार की देर शाम वह अपने दोस्त दिलीप कुशवाहा और सोनू अहिरवार के साथ पिकनिक मनाने सुकुवां-ढुकुवां बांध गया था। सभी लोग किनारे खड़े होकर नहाने लगे। तभी सेल्फी लेते वक्त अचानक उसका पैर फिसल गया। जिससे वह पानी के तेज बहाव में बहता चलता है।

# पुणे रेव पार्टी में एकनाथ खडसे के दामाद गिरफ्तार

- शरद गुट के नेता बोले- कार्रवाई के पीछे राजनीतिक साजिश संभव;
- मौके से गांजा-शराब, हुक्का जब्त

**पुणे.** पुणे पुलिस ने शनिवार देर रात एक रेव पार्टी पर छापेमारी में NCP (SP) नेता एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर को गिरफ्तार किया है। अपार्टमेंट से गांजा, शराब और हुक्का जब्त किया गया है। कुल 7 लोगों की गिरफ्तार हुई है, जिसमें 2 महिलाएं शामिल हैं।

दामाद की गिरफ्तारी पर खडसे ने कहा- पुलिस की कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद तो नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं शिवसेना (UBT) नेता सुषमा अंधारे ने कहा कि यह छापा उन लोगों के लिए संदेश है, जो सरकार के खिलाफ बोलते हैं।

प्रांजल, एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे के पति हैं। रोहिणी NCP (SP) की महिला यूनिट की प्रदेश अध्यक्ष हैं।

- प्रांजल खेवलकर समेत सभी 7 आरोपियों पर केस दर्ज

पुणे पुलिस को खराड़ी इलाके में एक स्टूडियो अपार्टमेंट में रेव पार्टी की सूचना मिली थी। इसके आधार पर क्राइम ब्रांच ने छापा मारा।

पुलिस ने बताया कि पार्टी में मौजूद सभी लोग नशे का सेवन कर रहे थे। ड्रग्स, शराब समेत कई नशीली चीजें जब्त की गई है। सभी 7 आरोपियों के खिलाफ NDPS एक्ट और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

# नाबालिग की पीट-पीटकर हत्या

- रात में लड़की से मिलने गया था
- परिवार ने पकड़कर पेड़ से बांधा, सिर भी मूंडा

**रतलाम.** रतलाम जिले के नामली थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक नाबालिग लड़के की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। कांडरवासा गांव का रहने वाला आयुष मालवीय (17) रात को अपनी प्रेमिका से मिलने मेवासा गांव गया था। इसी दौरान लड़की के घरवालों ने उसे पकड़ लिया।

उन्होंने आयुष का सिर मुंडवाया और पेड़ से बांध दिया। इसके बाद उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और आयुष की जान चली गई। इस मामले में पुलिस ने लड़की के पिता समेत चार लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ग्रामीणों ने शव रखकर फोरलेन पर जाम लगाया

ग्रामीणों ने शनिवार सुबह शव रखकर फोरलेन पर जाम लगा दिया। वे आरोपियों का जुलूस निकालने की मांग कर रहे थे। साथ ही मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए आर्थिक सहायता की मांग भी की। अधिकारियों के आश्वासन पर उन्होंने प्रदर्शन खत्म किया।

# कांवड़ को अनपढ़ों की यात्रा बताने वाले सपा MLA पर भड़की BJP

- कहा- अखिलेश के इशारे पर बोल रहे रिजवी



**बलिया.** यूपी के बलिया के सिकंदरपुर समाजवादी पार्टी के विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने कांवड़ यात्रा पर विवादित बयान देते हुए इसे अनपढ़ों की यात्रा बताया है। अब इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने रिजवी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि ये बयान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के इशारे पर दिया गया है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा, 'नबी की शान में गुस्ताखी हो जाए तो सर तन से जुदा के नारे लहराने लगते हैं, लेकिन हिंदू धर्म,धर्मग्रंथों,साधु-संतों, रीति रिवाज और परंपराओं पर कोई कुछ भी मनमाने पूर्ण ढंग से अपमानित कर देता है, इसका प्रबलता से विरोध भी नहीं होता। आखिर ये कब तक चलेगा, कब तक हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाते रहेंगे।'

### कांवड़ यात्रा में अनपढ़ और अंधविश्वासी

अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे मोहम्मद रिजवी ने आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि कांवड़ यात्रा में गांव के अनपढ़ और अंधविश्वास में फंसे लोग जाते हैं। कांवड़ यात्रा में फूल बरसाये जा रहे हैं। क्या आईएएस, पीसीएस का बेटा, अमित शाह का बेटा, अनिल अंबानी का बेटा या भाजपा के किसी सांसद और विधायक का बेटा कांवड़ यात्रा में क्यों नहीं गया।

उन्होंने कहा कि बलिया से सपा विधायक मुहम्मद जियाउद्दीन रिजवी कांवड यात्रा को अनपढ़ों की यात्रा बता रहे हैं। अंधविश्वास बता रहे हैं। यह सब कुछ सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर हो रहा है।

वहीं, राज्य मंत्री और बलिया नगर क्षेत्र से भाजपा विधायक दयाशंकर सिंह ने सपा विधायक पर तंज कसते हुए कहा, 'यह आस्था का विषय है। करोड़ों लोग शिव भक्त हैं और शिव भक्त बनने के लिए पढ़ाई लिखाई की जरूरत नहीं होती है।लोग 120 किलोमीटर पैदल चलकर जल लेकर आते हैं और शिव जी पर चढ़ाते हैं। शिव जी तो सबके देवता हैं, इसके लिए पढ़ाई की जरूरत नहीं है।'

### 300 करोड़ के घोटाले से जुड़े फर्जी राजदूत के तार

**गाजियाबाद.** गाजियाबाद में फर्जी दूतावास चलाने के आरोप में गिरफ्तार हर्षवर्धन जैन के तार 300 करोड़ रुपए के घोटाले से भी जुड़ रहे हैं। कवि नगर में जैन के फर्जी दूतावास पर छापेमारी के दौरान पुलिस को विवादास्पद धर्मगुरु चंद्रास्वामी और सऊदी अरब के एक हथियार डीलर के साथ उसकी तस्वीरें भी बरामद हुईं। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) द्वारा गिरफ्तार किए गए हर्षवर्धन जैन के खिलाफ जांच के दौरान 300 करोड़ रुपए के घोटाले से उसके जुड़े होने की संभावना का पता चला है।

# गाजा जंग में भूख से 124 मौतें

- इनमें 81 बच्चे
- बिस्किट का पैकेट 750 में मिल रहा
- लोग नमक खाकर भूख मिटा रहे



**गाजा.** गाजा में इजराइल-हमास जंग को शुरू हुए 22 महीने हो चुके हैं। अब तक इस लड़ाई की वजह से 124 लोग भूख से मारे गए हैं, जिनमें से 81 बच्चे हैं। जुलाई महीने में ही भूख से 40 लोगों की मौत हुई, जिनमें 16 बच्चे हैं।

गाजा में रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों ने बताया कि वहां 50 ग्राम के बिस्किट के पैकेट की कीमत 750 रुपए है। नकद पैसे निकालने के लिए 45% तक कमीशन देना पड़ता है।

हालात इतने खराब हैं कि लोग नमक खाकर और पानी पीकर काम चला रहे हैं। एक पत्रकार ने बताया कि 21 महीने में मेरा वजन 30 किलो घट गया है। थकान बनी रहती है और चक्कर आते रहते हैं।

दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े नासिर अस्पताल में काम करने वाले एक हेल्थ अधिकारी का कहना है कि गाजा में सभी भुखमरी के संकट से जूझ रहे हैं। कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

उनका कहना है कि गाजा में जब युद्ध शुरू हुआ तो अस्पताल से सबसे ज्यादा संख्या हवाई हमलों में घायल होने वाले लोगों की होती थी, लेकिन अब उनकी जगह कुपोषण के शिकार बच्चों ने ले ली है। वहीं, UN का कहना है कि गाजा में एक तिहाई आबादी को कई दिनों में एक बार भोजन नसीब हो रहा है।

# जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया

- शव-हथियार बरामद, बढ़ सकता है आंकड़ा
- बासागुड़ा इलाके में रुक-रुककर गोलीबारी जारी

**बीजापुर.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा इलाके में शनिवार शाम को मुठभेड़ में जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव और INSAS-SLR राइफल समेत बड़ी संख्या में हथियार, विस्फोटक बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है।

दक्षिण-पश्चिमी जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शाम से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

- 18 जुलाई को मारे गए थे 6 नक्सली

इसके पहले 18 जुलाई को नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में जवानों ने 6 नक्सलियों का एनकाउंटर किया था। मुखबिर की सटीक सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। जहां फोर्स ने माओवादियों को घेर कर मार गिराया।

बारिश के मौसम में भी नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन मानसून जारी है। इस दौरान पुलिस का नक्सलियों से सामना हुआ। दोनों तरफ से फायरिंग हुई थी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई में नक्सलियों को ढेर कर दिया। एनकाउंटर वाली जगह से AK-47 और SLR जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद हुए थे।

# NCERT कक्षा 3 से 12 के सिलेबस में ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली.** स्कूली छात्रों को भारत के डिफेंस सिस्टम और कूटनीतिक रिस्पॉन्स के बारे में समझाने के लिए NCERT ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक नया मॉड्यूल ला सकता है। PTI ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है।

- 2 भागों में आएगा मॉड्यूल, 10 पेज जुड़ेंगे

यह मॉड्यूल दो भागों में लाया जाएगा। पहला भाग कक्षा 3 से 8वीं के लिए और दूसरा भाग कक्षा 9 से 12वीं के लिए लाया जा सकता है। ये मॉड्यूल 8 से 10 पेजों का होगा जिसमें बताया जाएगा कि पहलगाम टेरर अटैक के लिए भारत का स्ट्रेटिजिक मिलिट्री रिस्पॉन्स क्या रहा।

इसका मकसद स्कूली स्टूडेंट्स को यह समझाना है कि देश किस तरह आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लेता है। साथ है इससे बच्चों को बताया जाएगा कि नेशनल सिक्योरिटी के लिए किस तरह डिफेंस, डिप्लोमेसी और अलग-अलग मंत्रालयों के बीच कॉर्डिनेशन एक अहम रोल अदा करता है।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके जवाब में भारत ने POK और पाकिस्तान की टेरर साइट्स को टारगेट किया था। इस एक्शन को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच 4 दिन तक संघर्ष की स्थिति बन गई थी।

### मछुआरों को ले जा रही नाव पलटी, तीन लापता

**रायगढ़.** रायगढ़ जिले में आठ मछुआरों को लेकर जा रही एक नौका के अरब सागर में पलट जाने से तीन मछुआरे लापता हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसा होते ही कई एजेंसियों ने मिलकर बचाव अभियान शुरू किया। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे खांदेरी के पास हुई।


## आम सूचना

मैं श्रीमती ज्योति लख्मीचंद फुलवाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 5, प्रदीप अपार्टमेंट, सोनारा गली के पास, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 23बीआय017004400) उक्त प्रॉपर्टी श्री लख्मीचंद वेराइनमल फुलवाणी अल्यास लखमीचंद वरंदमल फुलवादेरा के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 25.7.2025 सी.नं. 171/2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती ज्योति लख्मीचंद फुलवाणी**


# भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 14 सितंबर को




- एशिया कप- 9 से 28 सितंबर के बीच
- सभी मुकाबले UAE में

क्रिकेट का एशिया कप 2025 UAE में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर तक चलेगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। दोनों के बीच 14 सितंबर को पहला मैच होगा। अगर दोनों टीमें सुपर-4 स्टेज में पहुंची तो यहां भी दोनों के बीच 21 सितंबर को भी मुकाबला हो सकता है। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा। एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने इसकी जानकारी दी है। टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में होगा।

नकवी जो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने पोस्ट किया- मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ACC एशिया कप 2025 अब आधिकारिक रूप से UAE में 9 से 28 सितंबर तक खेला जाएगा। यह एक शानदार टूर्नामेंट होगा और हम सभी को शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगा।

भारत का पहला मैच UAE से

भारत, पाकिस्तान, ओमान और UAE को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को UAE, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

# तेजप्रताप यादव का महुआ से चुनाव लड़ने का ऐलान

- बोले- बिहार विधानसभा का चुनाव टीम तेज प्रताप लड़ेगी
- पीली टोपी-गमछा लॉन्च किया



**पटना.** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने शनिवार को महुआ सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

तेजप्रताप यादव ने कहा कि 'टीम तेज प्रताप एक प्लेटफार्म है। हमारी टीम चुनाव में भी सभी को सपोर्ट करेगी, जो युवा पीढ़ी है, लड़ना चाहेगी। उन सबको सपोर्ट किया जाएगा।'

'पूरी उम्मीद है कि चाचा इस बार सीएम नहीं बनेंगे। जो युवा, शिक्षा, रोजगार स्वास्थ्य सेवा की बात करेगा वही सरकार बनाएगा।'

तेजप्रताप यादव ने कहा, 'महुआ से चुनाव लड़ेंगे यह हम पहले ही बोल चुके हैं। जो विरोधी हैं, उनको खुजली चालू हो गई है। ऐसे लोग गाल खुजलाते रहेंगे।

महुआ से अभी आरजेडी के मुकेश कुमार विधायक हैं। उन्होंने 2020 के चुनाव में जेडीयू की आशमा परवीन को 13687 वोटों से हराया था। तेज प्रताप वर्तमान में हसनपुर सीट से विधायक हैं।

तेजप्रताप यादव ने कहा कि, भोजपुर के शाहपुर से भी लोग पूरे दम खम के साथ जुड़े हैं। इस चुनौती को दोनों भाई मिल कर स्वीकार कर रहे हैं। आगे की रणनीति बना रहे हैं। मदन जी को निर्दलीय जीताने का काम करना है। उनको सदन भेजना है।


## आम सूचना

मैं श्री सचिन चंदरु थावाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 604, 6ठा माला, गणेश अपार्टमेंट, प्लाट आफ ब्लाक नं. ए-518, रुम नं. 1036, स्टेशन रोड, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ009106900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रंजना अल्यास आरती चंदरु थावाणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 16.1.2004 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सचिन चंदरु थावाणी**


# 2000 रुपये से अधिक के UPI लेन-देन पर लगेगा GST?

- मंत्री ने बताई सरकार की मंशा




**नई दिल्ली.** क्या केंद्र सरकार 2000 रुपये के ऊपर यूपीआई (UPI) ट्रांजैक्शन पर जीएसटी (GST) लगाने जा रहा है? इस सवाल का जवाब केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी (Pankaj Chaudhary) नें संसद में दिया है। मौजूदा मानसून सत्र में उन्होंने राज्यसभा (Rajya Sabha) में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा है कि 2000 रुपये के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने की सरकार की कोई मंशा नहीं है।

अपर हाउस में 22 जुलाई को पूछा गया था कि क्या वित्त मंत्रालय यूपीआई या 2000 रुपये से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने की सोच रहा है। इसी सवाल का जवाब वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने दिया है। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'जीएसटी कांउसिल की तरफ से 2000 रुपये से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने का कोई सुझाव नहीं मिला है।' केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जीएसटी रेट्स और छूट पूरी तरह से जीएसटी काउंसिल के सुझावों पर निर्भर रहता है।

## यूक्रेनी हमलों से डगमगाई रूस की ताकत

रूस ने 27 जुलाई को हर साल मनाई जाने वाली अपनी पारंपरिक और प्रतिष्ठित नौसेना परेड को रद्द कर दिया। 'नेवी डे' के मौके पर सेंट पीटर्सबर्ग में होने वाली इस परेड को सुरक्षा कारणों के चलते पहली बार रद्द किया गया है। खास बात ये रही कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इस बार परेड में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हुए। उन्होंने सिर्फ एक वीडियो संदेश के ज़रिए नौसैनिकों को संबोधित किया।


## आम सूचना

मैं श्री गिरीश श्यामलाल पंजाबी सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 948, रुम नं. 21, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 34सीओ006188000) उक्त प्रॉपर्टी श्री श्याम एच. पंजाबी के नाम पर है। किंजल सुनील मेरिया व मेंघराज श्यामलाल पंजाबी इन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 26.7.2025 सी.नं. 102 द्वारा मुझे अपना शेयर दिया है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री गिरीश श्यामलाल पंजाबी**

## आम सूचना

मैं श्री राजेश अर्जनदास जेठवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि 1/4 आगे का भाग, रुम नं. 7 और 9, बैरक नं. 552, ग्राऊंड, 1ला माला, 2रा माला और टेरेस, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 23बीआय016995100(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री अर्जनदास दीपचंद जेठवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 19.6.2018 सी.नं. 575 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राजेश अर्जनदास जेठवाणी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती विनिता गिरीश पंजाबी सभी को सूचित कर रही हूं कि बैरक नं. 948, रुम नं. 20, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 34सीओ018913400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती विमला एस. पंजाबी के नाम पर है। किंजल सुनील मेरिया व मेंघराज श्यामलाल पंजाबी व श्री गिरीश श्यामलाल पंजाबी इन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 26.7.2025 सी.नं. 103 द्वारा मुझे अपना शेयर दिया है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती विनिता गिरीश पंजाबी**

## संक्षेप...

### CST रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी, तलाशी के बाद कुछ नहीं मिला

**मुंबई.** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CST) को बम से उड़ाने की धमकी मिली। एक व्यक्ति ने मुंबई डीजीपी कार्यालय में कॉल कर बताया कि स्टेशन पर शाम को बम रखा जाएगा। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और मुंबई पुलिस ने पूरे स्टेशन परिसर की गहन तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। कोलाबा पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस कॉल करने वाले की पहचान करने में जुटी है। स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# राज्य सरकार पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप

- महाराष्ट्र सरकार की आलोचना की
- सीपीसीबी दिशानिर्देशों को बताया बेतुका





**मुंबई.** पर्यावरण रक्षकों ने निकाय चुनावों से पहले प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की मूर्तियों पर प्रतिबंध को कमजोर करने के लिए महाराष्ट्र सरकार की आलोचना की और सीपीसीबी के दिशानिर्देशों को बेतुका बताया है।

पर्यावरण रक्षक कार्यकर्ताओं ने प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की मूर्तियों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के दिशानिर्देशों की अपनी सुविधानुसार, खासकर महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को देखते हुए, व्याख्या करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने प्लास्टर ऑफ पेरिस पर प्रतिबंध को लेकर राज्य सरकार पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाया कार्यकर्ताओं का कहना है, 'यह हिंदू मतदाताओं का तुष्टिकरण है। गणेशोत्सव को हाल ही में 'राज्य उत्सव' घोषित किया गया है। वे अपने वोट बैंक को निराश नहीं करना चाहते। हो सकता है कि अगले साल वे अपना रुख बदल दें।'

बॉम्बे हाईकोर्ट ने प्राकृतिक जलाशयों में 6 फीट से ऊंची पीओपी मूर्तियों की अनुमति दी बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को पर्यावरण कार्यकर्ता रोहित जोशी व उल्हासनगर की प्रसिद्ध हिराली फाउंडेशन की प्रमुख एड. सरिता खानचंदानी द्वारा पीओपी मूर्तियों पर प्रतिबंध लगाने के लिए दायर जनहित याचिका पर अंतरिम आदेश दिया। अदालत ने पीओपी मूर्तियों के निर्माण और बिक्री तथा 6 फीट से अधिक ऊँची मूर्तियों के प्राकृतिक जलाशयों में विसर्जन की अनुमति दे दी है।

हालांकि, 6 फीट से कम ऊँची पीओपी मूर्तियों का विसर्जन अनिवार्य रूप से नगर निकायों द्वारा स्थापित कृत्रिम तालाबों में करना होगा। हाईकोर्ट ने हाल ही में पीओपी मूर्तियों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के अपने आदेश को पलट दिया था, जब सीपीसीबी ने कहा था कि उसके दिशानिर्देश अनिवार्य नहीं बल्कि केवल परामर्शात्मक प्रकृति के हैं, जिससे पर्यावरणविद नाराज़ हो गए थे। कार्यकर्ता ने सवाल उठाया कि गोवा और कर्नाटक में सीपीसीबी के दिशा निर्देश बाध्यकारी क्यों हैं, जबकि महाराष्ट्र में ये सलाहकारी हैं।

### विसर्जन के दौरान गणेश मूर्तियों की होती है दुर्दशा



पर्यावरण प्रेमी एड. सरिता खानचंदानी ने कहा कि हम आदेश से सहमत नहीं है. गणेश विसर्जन के दौरान मूर्तियों की दुर्दशा एक विडंबना है, क्योंकि एक तरफ तो लोग भगवान गणेश की पूजा करते हैं और उन्हें घर लाते हैं, वहीं दूसरी तरफ विसर्जन के बाद उनकी मूर्तियाँ अपमानित होती दिखती हैं। यह एक धार्मिक और सामाजिक मुद्दा है, जिस पर विचार करने की आवश्यकता है।

याचिकाकर्ता रोहित जोशी ने कहा, 'यह आश्चर्यजनक है कि पीओपी की मूर्तियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने वाले सीपीसीबी के दिशानिर्देशों को गोवा और कर्नाटक राज्य स्वीकार करते हैं, और इसके कार्यान्वयन के लिए सख्त कदम भी उठा रहे हैं। और महाराष्ट्र में, निकाय चुनावों से पहले, ये दिशा निर्देश 'सलाहकार' बन गए हैं। अगर किसी केंद्रीय निकाय के दिशा निर्देश अनिवार्य नहीं हैं, तो उसके होने का क्या फायदा? भविष्य में, किसी भी केंद्रीय निकाय के दिशानिर्देशों की व्याख्या अधिकारी अपनी सुविधानुसार करेंगे।'

जोशी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि कृत्रिम झीलों से निकलने वाले पीओपी मूर्तियों के विसर्जन के पानी को वैज्ञानिक रूप से संसाधित किया जाता है या बिना संसाधित किए प्राकृतिक जल निकायों में छोड़ा जाता है, इसकी निगरानी न के बराबर होती है या नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर विसर्जन की भीड़ में 6 फीट से ऊँची मूर्तियों की ऊँचाई मापना व्यावहारिक रूप से असंभव है।

पीओपी सामग्री समुद्र तट पर वापस तैर जाती है, लेकिन नदियों में विसर्जित होने के बाद वह बह जाती है। जोशी ने आगे कहा कि राज्य ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि वे बहते पानी से विसर्जित पीओपी सामग्री को कैसे एकत्र करेंगे और उसका वैज्ञानिक निपटान कैसे करेंगे। 'पीओपी सामग्री से ज़्यादा रासायनिक रंगों के कारण जल निकायों और जलीय जीवन को नुकसान पहुंचता है।'



**ठाणे.** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला एड्स निवारण एवं नियंत्रण विभाग, सिविल अस्पताल ठाणे की ओर से और जीवनदीप शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, गोवेली के सौजन्य से, कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, गोवेली द्वारा रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 21 महाविद्यालयों के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# जन समस्याओं को लेकर मनसे का धरना आंदोलन

- मनपा आयुक्त कार्यालय में बैठकर जताया विरोध

▸▸उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** जन समस्याओं को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना भिवंडी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भिवंडी आयुक्त कार्यालय में धरने पर बैठ कर आंदोलन किया. प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय नागरिकों से जुड़े कई मुद्दों को उठाते हुए प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाज़ी की.मनसे कार्यकर्ताओं का आरोप है कि,भादवड़ स्थित स्व.वामन झिपरू गुलवी गणेश घाट का निर्माण कार्य बेहद घटिया स्तर पर किया गया है. भादवड छत्रपती शिवाजी महाराज क्रीडांगण और टेमघरपाड़ा में घटिया निर्माण की वजह से दीवार गिरने की घटना को लेकर भी नाराज़गी जताई गई. मनसे ने मांग की है कि घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठेकेदार,बिल्डर के खिलाफ तत्काल आपराधिक मामला दर्ज किया जाए. मनसे प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 'जनता के सवाल हल करो, नहीं तो कुर्सी खाली करो' जैसे नारों के साथ आंदोलन और तेज़ किया जाएगा. आंदोलन में मनसे शहराध्यक्ष मनोज गुलवी के नेतृत्व में कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए.मनसे पदाधिकारियों को प्रशासक अनमोल सागर ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है.

### ठाणे मनपा क्षेत्र में के अंतर्गत

# 151 अवैध निर्माण कार्य पर तोड़ू कार्रवाई



**ठाणे.** मनपा के अतिक्रमण विभाग ने अब तक उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार और प्रभाग समिति के बीट निरीक्षकों द्वारा किए गए निरीक्षण में पाए गए 151 अनधिकृत निर्माणों के विरुद्ध कार्रवाई की है। यह कार्रवाई 19 जून से नियमित रूप से जारी है, जिसमें एमके कंपाउंड, शील में 21 इमारत भी शामिल है। इन 151 अनधिकृत निर्माणों में से 117 निर्माणों को पूर्णरूप से जमींदोज कर दिया गया है। जबकि, 34 निर्माणों में अनधिकृत अतिरिक्त निर्माणों को हटा दिया गया है।ठाणे मनपा क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी दस्ता 19 जून से नियमित रूप से कार्रवाई कर रहा है। इसके लिए, आयुक्त सौरभ राव ने नौ प्रभाग समिति क्षेत्रों में उपायुक्त स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष दल नियुक्त किए हैं। अब तक ध्वस्त किए गए 117 अनधिकृत निर्माणों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है।साथ ही उपायुक्त (अतिक्रमण विभाग) शंकर पटोले ने बताया कि इनमें से 34 निर्माणों में अनधिकृत अतिरिक्त निर्माणों को हटा दिया गया है।

मनपा क्षेत्र में अनधिकृत चालों, अनधिकृत बैठक निर्माणों, अतिरिक्त शेड, अतिरिक्त निर्माण, चबूतरे के निर्माण, अनधिकृत टर्फ के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उपायुक्त पटोले ने यह भी बताया कि यह कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी।

अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे इस अभियान के कार्यान्वयन और वास्तविक कार्रवाई की दैनिक समीक्षा कर रहे हैं। अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई में उपायुक्त (परिपत्र), सभी सहायक आयुक्त, कार्यपालक अभियंता, अतिक्रमण एवं निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

# बिना अनुमति के येऊर में निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों पर प्रतिबंध

### वन विभाग में निर्माण अनुमति पंजीकृत होने के बाद ही निर्माण सामग्री जा सकेगा

**ठाणे।** येऊर पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है। ठाणे मनपा के नगर विकास विभाग की ओर से जारी निर्माण अनुमति के बिना येऊर में किसी भी प्रकार की निर्माण सामग्री का सप्लाई नहीं किया जा सकेगा। साथ ही, जिन लोगों को निर्माण अनुमति प्राप्त हुई है, उन्हें वन विभाग के प्रवेश द्वार पर स्थित चेकपॉइंट पर निर्माण सामग्री का औपचारिक रिकॉर्ड, निर्माण सामग्री का प्रकार और वाहनों की विस्तृत जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार येऊर में अनधिकृत टर्फ पर कार्रवाई चल रही है।मनपा मुख्यालय में आयोजित एक बैठक में आयुक्त सौरभ राव ने इसकी समीक्षा की। मनपा आयुक्त सौरभ राव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, पुलिस उपायुक्त प्रशांत कदम, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के वन अधिकारी मयूर सुरवसे, विधि अधिकारी मकरंद काले, उपायुक्त शंकर पटोले, उपायुक्त दिनेश तायडे, उपायुक्त मधुकर बोडके, नगर विकास विभाग अभियंता देवेंद्र नेर आदि उपस्थित थे।





### अतिरिक्त आयुक्त की अध्यक्षता में समिति

पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील येऊर क्षेत्र में कई समस्याएँ हैं। इस क्षेत्र की सुरक्षा के लिए,मनपा के अतिरिक्त आयुक्त की अध्यक्षता में एक समन्वय समिति का गठन किया जा रहा है ताकि सभी प्रणालियों के माध्यम से येऊर का सुनियोजित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। आयुक्त राव ने बताया कि इसमें मनपा वन विभाग, पुलिस, वायु सेना, राजस्व, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, महावितरण के वरिष्ठ अधिकारी और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। ऐसी समिति का विचार याचिकाकर्ता रोहित जोशी ने रखा था।

येऊर में 10 टर्फ में से 8 को पहले ही तोड़ दिया है। उपायुक्त दिनेश तायडे ने बैठक में बताया कि शेष एक टर्फ को हटाने की समय सीमा समाप्त हो जाने के कारण एक टर्फ को हटाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी अनधिकृत व्यावसायिक निर्माण कार्य का सर्वेक्षण किया जा रहा है। येउर एक बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। वायुसेना को भी वहाँ निर्माण और प्रकाश व्यवस्था के बारे में शिकायतें मिली हैं। इस पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, इस क्षेत्र में उच्च-शक्ति वाले लैंप का उपयोग भी प्रतिबंधित है। इसलिए,मनपा की ओर से महावितरण कंपनी को उच्च-वोल्टेज बिजली आपूर्ति प्रदान करते समय सावधानी बरतने के निर्देश भेजे जाएँगे, आयुक्त राव ने कहा।आयुक्त राव ने इस बैठक में यह भी स्पष्ट किया कि निजी बंगला मालिकों को अपने परिसर में अनावश्यक प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर का उपयोग और पटाखे नहीं फोड़ने चाहिए। इस संबंध में, पिछले कुछ वर्षों में येउर में 188 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। इस बीच, पुलिस उपायुक्त (ज़ोन 5) प्रशांत कदम ने बताया कि पटाखे फोड़ने, लाउडस्पीकर बजाने आदि के मामलों में 18 मामले दर्ज किए गए हैं।

### मनपा शाला में पानी शुद्धिकरण मशीन का उद्घाटन



**भिवंडी.** सामाजिक संस्था जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट एवं एसआर.ग्रुप ऑफ़ कंपनीज द्वारा भिवंडी मनपा शाला नंबर 54 रावजी नगर में विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल सुविधा प्रदान करने हेतु पानी शुद्धिकरण मशीन लगाई गई. वाटर प्यूरीफायर मशीन का उद्घाटन एसआर ग्रुप कंपनीज चेयरमैन रमाकांत पांडा और प्रमुख अतिथि पूर्व नगरसेवक संतोष शेट्टी, एड हर्षल पाटिल और प्रशांत लाड द्वारा किया गया. जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट ट्रस्टी मंगेश यादव,ट्रस्ट पदाधिकारी पी डी यादव, विपिन पटेल, मुकेश झा, समीर शेख, पवन यादव सहित भारी संख्या में शिक्षक,शिक्षिकाएं,विद्यार्थी सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. मनपा विद्यालय प्रशासन एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने संस्था के सराहनीय कार्य के लिए एसआर. ग्रुप ऑफ़ कंपनीज के चेयरमैन रमाकांत पांडा, बिस्वारंजन पांडा और जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट ट्रस्टी मंगेश यादव एवं विनोद येनागंदला के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया.

# जलकर भुगतान के लिए ग्राम पंचायत का अनोखा फैसला

- नल कनेक्शन पर नहीं बल्कि फ्लैट के हिसाब से हर माह देना होगा 200 रुपए जलकर

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा सीमा से सटे शेलार ग्रामपंचायत के ग्रामविकास अधिकारी द्वारा प्रत्येक घर से प्रतिमाह 200 सौ रुपये पानी का अतिरिक्त बिल भरने का फरमान जारी किया है. यह डिमांड मंजूर किए गए नल कनेक्शन के अनुसार नहीं बल्कि हर घर के एवज में लगाया गया है. ग्राम पंचायत का कहना है कि उस पर दो करोड़ से ज्यादा का पानी का बिल बकाया है जिससे भरने व पानी कटौती से बचने इस नए नियम को लागू किया गया है। शेलार ग्रामपंचायत के ग्रामविकास अधिकारी एवं प्रशासक सोनावने ने बताया कि ग्राम पंचायत को पानी की आपूर्ति स्टेम वाटर डिस्ट्रीब्यूशन एंड इंफ्रा, कंपनी प्राइवेट लिमिटेड और बृहन्मुंबई मनपा के माध्यम से की जाती है। जिसके तहत हर महीने स्टेम का पानी बिल 3 लाख 50 हजार और बृहन्मुंबई मनपा का बिल 59,999 रुपये प्रति माह बिल आता है। ग्राम पंचायत के लिए उक्त बिल का भुगतान करना संभव नहीं है।

वर्तमान में स्टेम वाटर डिस्ट्रीब्यूशन एंड इंफ्रा, कंपनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का 2 करोड़ 35 लाख 8 हजार 936 रुपया का पानी का बिल बकाया है।जिसको भरने के लिए ग्राम पंचायत के पास पैसा नहीं है इसलिए ग्रामपंचायत हर नल कनेक्शन पर पानी बिल में 200 रुपए प्रति माह वृद्धि करने का फैसला किया गया है। ग्राम पंचायत शेलार ने नए नियम के तहत शुभारंभ पार्क सोसायटी 'अ' विंग को एक पत्र जारी कर बताया है कि सोसायटी मे आठ नल कनेक्शन लिए गए है जिसका हर महीने 1600 रुपया जलकर भरना होता है,लेकिन नए नियम के तहत सोसायटी मे कुल 16 फ्लैट है। इस हिसाब से वाटर कूलर के लिए 200 रुपये प्रति माह सोसाइटी के सभी 16 फ्लैट धारकों से कुल मिलाकर 3200 रुपये जमा करना होगा।यह जानकारी ग्राम पंचायत ने नोटिस के माध्यम से दी है।


### -: पब्लिक सुचना :-

वैद्यकिय नोंदी नष्ट करण्याबाबत आम्ही 31/12/2020 च्या आधी आंतर रुग्ण व बाह्यरुग्णाचे उपचारा संबंधी वैद्यकिय नोंदी नष्ट करत आहोत. जर आपणास याविषयी काही शंका असल्यास आपण ८७६६७७१७९७ ह्या नंबर वर १० दिवसाच्या आत संपर्क साधावा.

**मोडिकल रेकार्ड विभाग**
श्री. श्रध्दा मल्टीस्पेशालिटी मेडिकल सेंटर
अंबरनाथ (पश्चिम)


# गोल्डन टेंपल पहुंचे एक्टर अहान शेट्टी

- बोले- अमृतसर के लोगों का प्यार अद्भुत,
- बॉर्डर-2 फिल्म की शूटिंग के लिए आए थे

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी आज गोल्डन टेंपल माथा टेकने पहुंचे। अहान बॉर्डर 2 फिल्म की शूटिंग के लिए अमृतसर आए थे और आज शूटिंग खत्म होने पर उन्होंने गुरुद्वारा में माथा टेका।

गुरु घर में नतमस्तक होने के बाद मीडिया से बात करते हुए अहान शेट्टी ने कहा कि उन्हें बेहद अच्छा लग रहा है कि वो गुरु घर में नतमस्तक हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थान का सुकून सबसे अलग है। अभी वो अमृतसर सिर्फ तीन दिन के लिए ही आए थे, लेकिन यहां के लोगों का प्यार उन्हें बार-बार बुलावा दे रहा है और वो उम्मीद करते हैं कि जल्दी ही फिर से यहां आएंगे।

### सनी देओल समेत कई एक्टर फिल्म में

उन्होंने कहा कि फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ हैं। वहीं इस फिल्म में अहान शेट्टी के पिता सुनील शेट्टी नहीं है, जो कि बॉर्डर 1 का एहम हिस्सा थे। बॉर्डर 2 की कहानी 1971 की भारत पाकिस्तान की जंग पर आधारित है। अहान ने बताया कि बाकी का सस्पेंस टीजर रिलीज होने के बाद ही खत्म होगा।




### आम सूचना

मैं श्री राजकुमार भेरूमल गिधवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 1081, रुम नं. 12, न.भू.क्र. 16933, क्षेत्र 24.10 चौ.मीटर. ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 3. सिटी सर्वे कार्यालय के रिकार्ड प्रापर्टी कार्ड में श्री गोवर्धनदास सिरूमल गीदवानी नाम लिखा हुआ है और उपविभागीय अधिकारी, उल्हासनगर-3 के कार्यालय के रिकार्ड में गोवर्धनदास सिरूमल मोटवानी लिखा हुआ है। मैं यह सूचित कर रहा हूं कि यह दोनों एक ही व्यक्ति हैं।

सही/-
**श्री राजकुमार भेरूमल गिधवानी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती जानू राजकुमार कारीरा उर्फ भगवंती राजकुमार कारीरा सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 1, बैरक नं. 427, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 13बीआय015461800) उक्त प्रॉपर्टी श्री महेश गोबिंदराम गुरबानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 21.7.2006 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती जानू राजकुमार कारीरा उर्फ भगवंती राजकुमार कारीरा**

### आम सूचना

हम श्रीमती सुशिला हरीमन पटेल व श्री उमेश कुमार रामाधार पटेल सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप नं. 3, ग्राऊंड+ पहला माला, बैरक नं. 2046 के पास, देव मंदिर के पास, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 56डीआय022554700) उक्त प्रॉपर्टी श्री कमल चुहरमल आसवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 28.2.2025 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुशिला हरीमन पटेल व श्री उमेश कुमार रामाधार पटेल**

### आम सूचना

मैं श्री कल्याण पारुमल रहवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 1500, रुम नं. 4, न.भू.क्र. 19494, क्षेत्र 59 चौ.मीटर. सेक्शन 30, उल्हासनगर- 4. सिटी सर्वे कार्यालय के रिकार्ड प्रापर्टी कार्ड में श्री पासुमल बसूमल रावानी नाम लिखा हुआ है और उपविभागीय अधिकारी, उल्हासनगर-3 के कार्यालय के रिकार्ड में श्री पारुमल बशोमल लिखा हुआ है। मैं यह सूचित कर रहा हूं कि यह दोनों एक ही व्यक्ति हैं।

सही/-
**श्री कल्याण पारुमल रहवानी**

### आम सूचना

मैं श्री उतम जगनमल पोपटानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 1485, रुम नं. 9, न.भू.क्र. 17910, क्षेत्र 37.9 चौ.मीटर. सेक्शन 30, उल्हासनगर- 4. सिटी सर्वे कार्यालय के रिकार्ड प्रापर्टी कार्ड में चंद्रा तेजुमल भाटिया नाम लिखा हुआ है और उपविभागीय अधिकारी, उल्हासनगर-3 के कार्यालय के रिकार्ड में चंद्राबाई तेजुमल भाटिया लिखा हुआ है। मैं यह सूचित कर रहा हूं कि यह दोनों एक ही व्यक्ति हैं।

सही/-
**श्री उतम जगनमल पोपटानी**





यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099